हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, रविवार, 11 जनवरी 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान

अधिकतम 20.2 डिग्री

न्यूनतम 9.2 डिग्री

4
वर्क कोड जनरेट नहीं होने से 3 महीने से अटका गोबरी नदी पर रपटा का निर्माण



## खबर संक्षेप

### सोमनाथ महादेव मंदिर के 1000 वर्ष पूर्ण होने का उत्सव



**जशपुरनगर।** भारतीय सनातनी इतिहास का गौरव के दिन का उत्सव मनाने के लिए जशपुर विधायक रायमुनि भगत की उपस्थिति में जशपुर के पुरातन शिव मंदिर में पूजा-अर्चना एवं महाआरती का आयोजन किया गया। इस शुभ एवं आध्यात्मिक अवसर पर जशपुर विधायक रायमुनी भगत, अरविंद भगत नगर पालिका अध्यक्ष, गंगाराम भगत जनपद अध्यक्ष सहित भारतीय जनता पार्टी के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहकर भगवान भोलेनाथ से देश कल्याण का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर विधायक रायमुनि भगत ने कहा कि, इस तरह के आयोजन आयोजन हमारी सनातन परंपरा, आस्था और सांस्कृतिक गौरव के प्रतीक हैं।

### स्कूलों में बच्चों का सर्वांगीण विकास किया जाए: मस्के



**जशपुरनगर।** यशस्वी जशपुर अंतर्गत संचालित गतिविधियों एवं विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में विकासखंड मनोरा के संकुल समन्वयकों एवं माध्यमिक शाला के प्रधान पाठकों की समीक्षा बैठक विश्वास अनुभागीय अधिकारी राजस्व राव मस्के की अध्यक्षता में आयोजित की गई। समीक्षा बैठक में मासिक मूल्यांकन, अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम की ग्रेडवार समीक्षा करते हुए आगामी वार्षिक परीक्षा हेतु नियमानुसार पाठ्यक्रम पूर्ण कर, कम अच्छे बच्चों के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए उपचारात्मक शिक्षण को प्रभावी बनाने हेतु निर्देशित किया गया। छात्र एवं शिक्षक उपस्थिति पर विशेष पहल नियमित रूप से करने हेतु निर्देशित किया गया। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिए जाने के साथ साथ शारीरिक, मानसिक, नैतिक मूल्यों पर भी शिक्षा दिए जाने एवं उनके सर्वांगीण विकास पर कार्य करने हेतु उपस्थितों का ध्यान केंद्रित किया गया। समीक्षा बैठक में विभागीय संचालित अन्य गतिविधियों आपार आईडी निर्माण, छात्रवृत्ति कार्य एवं जाति प्रमाण पत्र की समीक्षा भी की गई। लंबित कार्य को समय सीमा में पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। जाति प्रमाण पत्र अंतर्गत लक्ष्य पूर्णता हेतु 12 से 16 जनवरी 2026 तक विकासखंड के सभी 30 संकुल में शिविर आयोजित करने के संबंध में निर्देश जारी किए गए। समीक्षा बैठक में तरूण कुमार पटेल, विकास खंड शिक्षा अधिकारी मनोरा द्वारा उपस्थित सभी को निर्देशानुसार एवं संचालित गतिविधियों से संबंधित कार्यों को योजनाबद्ध ढंग से करते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति हेतु महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

### दामिनी व मेघदूत एप से आकाशीय बिजली, मौसम की मिलेगी जानकारी

**जशपुरनगर।** भारत सरकार द्वारा बाढ़, आकाशीय बिजली, वनीय आग, लू-ताप-घात आदि आपदाओं के बारे में जनसामान्य को पूर्व चेतावनी प्रदान करने हेतु सचेत, दामिनी एवं मेघदूत एप विकसित किए गए हैं, मोबाइल में सचेत, दामिनी एवं मेघदूत एप को गूगलप्ले स्टोर से डाउनलोड कर उपयोग करने तथा आपदा के समय जनसामान्य की सहायता एवं बचाव हेतु आपदा टोल फ्री नंबर 1070 जारी किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा सभी आम नागरिकों को दामिनी एवं मेघदूत एप को गूगलप्ले स्टोर से डाउनलोड करने हेतु सूचित किया जा रहा है। एप डाउनलोड कर जानकारी प्राप्त किया जा सकता है तथा विशेष परिस्थिति में टोल फ्री नंबर 1070 पर कॉल कर संपर्क स्थापित कर सकते है। किसानों की फसलों का कवच बननेगा मेघदूत एप- मेघदूत ऐप डिजिटल इंडिया के तहत किसानों को तकनीक से जोड़ने के लिए भारत सरकार द्वारा लांच किया गया है।

### पौधों-फसलों पर बर्फ की चादर, किसान और आमजन परेशान

# जिले में शीतलहर का प्रकोप, 2 डिग्री से नीचे लुढ़का पारा







**जशपुरनगर।** जशपुर शहर में पिछले कुछ दिनों से ऐसा नजारा देखने को मिल रहा है, जो अब तक केवल पहाड़ी और अत्यधिक ठंडे इलाकों से ही जुड़ा माना जाता था। शहर में पहली बार खुले स्थानों में बर्फ जमती हुई नजर आई। न्यूनतम तापमान 2 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंचते ही ओस की बूंदें जमकर बर्फ में तब्दील हो गईं। शहर के बाकी टोली, निचले और खुले इलाकों में घास, झाड़ियों, पौधों और फसलों की पत्तियों पर सफेद बर्फ की परत साफ दिखाई दी। सुबह तड़के जब लोग घरों से बाहर निकले तो पत्तियों पर जमी बर्फ देखकर हैरान रह गए। कई लोगों ने इसे अपने मोबाइल कैमरों में कैद किया। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जशपुर शहर में इस तरह बर्फ जमते उन्होंने पहली बार देखा है। यह नजारा ठंड की तीव्रता को दर्शाता है।

### शीतलहर और पाले ने बढ़ाई ठंड

उत्तर भारत से आ रही सर्द हवाओं के कारण पूरा जशपुर अंचल शीतलहर की चपेट में है। रात के समय तेज ठंड और सुबह पाला पड़ने से तापमान और गिर गया। खुले इलाकों में पाला जमने के कारण वातावरण में कड़ाके की ठंड बनी रही। ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों ने बताया कि, सुबह खेतों में फसलों की पत्तियों पर जमी बर्फ ने उनकी चिंता बढ़ा दी है। खासकर सब्जी की फसल, आलू, मटर, गोभी, टमाटर और नर्सरी पौधों पर ठंड का सीधा असर दिख रहा है। कई स्थानों पर पत्तियां झुलसी हुई नजर आईं।किसानों का कहना है कि यदि अगले कुछ दिनों तक पाला बना रहा तो रबी फसलों को भारी नुकसान हो सकता है।

### अलाव के सहारे शहर

भीषण ठंड के कारण शहर और ग्रामीण इलाकों में जनजीवन प्रभावित रहा। सुबह के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। चौक-चौराहों, बस स्टैंड, बाजार और ग्रामीण इलाकों में लोग अलाव के आसपास जमा होकर ठंड से राहत लेते नजर आए। लोग सिर से पैर तक गर्म कपड़ों में लिपटे दिखाई दिए। ठंड का सबसे अधिक असर बुजुर्गों, छोटे बच्चों और दिहाड़ी मजदूरों पर पड़ा। सुबह-सुबह काम पर निकलने वाले मजदूरों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। कई परिवारों ने बच्चों को सुबह जल्दी बाहर निकलने से रोका।



### आगे भी राहत की उम्मीद कम

मौसम जानकारों के अनुसार आने वाले कुछ दिनों तक जशपुर अंचल में ठंड से राहत मिलने की संभावना कम है। रात और सुबह के तापमान में और गिरावट दर्ज हो सकती है, जिससे पाला और बर्फ जमने की स्थिति दोबारा बन सकती है। शहर में पहली बार जमी बर्फ जहां लोगों के लिए कौतूहल का विषय बनी, वहीं कड़ाके की ठंड ने आम जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। जशपुर इस समय भीषण ठंड के सबसे कठिन दौर से गुजर रहा है।

**क्या कहते हैं डॉक्टर-** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जीएस जात्रा का कहना है कि, ऐसे ठंड में लोगों को ठंड बच के रहना चाहिए। बच्चो एवं बुजुर्गों को सावधान रहने की जरूरत है। वो लोग जो बीपी और हृदय रोग से पीड़ित है।

## गुंडागर्दी पर पुलिस का प्रहार, 5 आरोपी गए जेल, एक फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कानून व्यवस्था को चुनौती देने वालों के लिए जशपुर पुलिस ने साफ संदेश दे दिया है कि, जिले में गुंडागर्दी की कोई जगह नहीं। कुनकुरी थाना क्षेत्र में मामूली विवाद को लेकर एक युवक के साथ की गई सामूहिक मारपीट के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया, जबकि एक आरोपी अब भी फरार है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही है।

**समझौते का झांसा देकर किया हमला-** पुलिस के अनुसार, प्रार्थी विशाल खाखा उम्र 18 वर्ष निवासी जोकबहला ने थाना कुनकुरी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि, 2 जनवरी की रात शराब भट्ठी के पास हुए विवाद के दौरान विशाल बीच-बचाव कर रहा था। इसी बात को लेकर आरोपियों ने रंजिश पाल ली और 8 जनवरी को समझौते के बहाने उसे कुनकुरी बुलाया। विशाल जब अपनी मां और बहन को बैंक छोड़कर दोस्तों के साथ भोजन के लिए गया, तभी दो मोटरसाइकिल पर सवार 6 आरोपी उसे कंडोरा मैदान के पास ले गए। वहां पहुंचते ही आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए हाथ-मुक्कों और बेल्ट से जमकर मारपीट की। बीच-बचाव करने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। मारपीट में विशाल के पीठ, सीने, सिर और हाथ में गंभीर चोटें आईं।



### एट्रोसिटी एक्ट सहित गंभीर धाराएं दर्ज

प्रार्थी की रिपोर्ट पर कुनकुरी थाना में आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 351(2), 115(2), 191(2)(3) एवं एट्रोसिटी एक्ट की धारा 3(2)(वी)(क), 3(1)(द), 3(1)(ध) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। पीड़ित का तत्काल चिकित्सकीय परीक्षण भी कराया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नौशाद उम्र 24, निवासी ग्राम बंदरभदरा,अहमद रजा उम्र 25 वर्ष निवासी लंबीटोली, मो फैजान खान उम्र 19 वर्ष निवासी आजाद मोहल्ला, मो अलतलम उर्फ बादल उम्र 22 वर्ष निवासी कुनकुरी, अमित दास उम्र 25 वर्ष निवासी ढोढ़ी डांड जिला जशपुर को गिरफ्तार कर लिया। एक अन्य आरोपी फरार है, जिसे चिन्हित कर लिया गया है और उसकी तलाश जारी है।पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर सभी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल सीजी-14- एमसी- 8781 को भी जब्त कर लिया।

### कानून हाथ में लेने वालों को बख्सा नहीं जाएगा

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने कहा कि, कुनकुरी क्षेत्र में गुंडागर्दी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। कानून हाथ में लेने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। फरार आरोपी को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

## 60 बोरी अवैध धान से भरा पिकअप जब्त, वाहन छोड़ भागा चालक

**जशपुरनगर।** सरहदी इलाकों में अवैध धान परिवहन पर जशपुर पुलिस की पैनी नजर रंग ला रही है। चौकी ऊपरकछार क्षेत्रांतर्गत ग्राम गढ़वा मुड़ा के पास पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक पिकअप वाहन से 60 बोरी में भरा 30 क्विंटल धान जब्त किया है। जब्त धान की कीमत लगभग 69 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस को देखकर चालक पिकअप वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार 9 जनवरी को चौकी ऊपरकछार पुलिस को सूचना मिली थी कि झारखंड की ओर से एक पिकअप वाहन ग्रामीण रास्तों से होते हुए अवैध रूप से धान लेकर छत्तीसगढ़ आ रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने गढ़वा केला के पास ग्रामीण मार्ग पर नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहनों की जांच शुरू की। इसी दौरान पिकअप वाहन क्रमांक जेएच- 01 जीएच 8011 आते दिखा। पुलिस ने वाहन को रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक तेज रफ्तार में वाहन भगाने लगा। पीछा किए जाने पर चालक कुछ दूरी पर पिकअप छोड़कर फरार हो गया।

### नहीं मिले वैध दस्तावेज जिला प्रशासन को सौंपा

पुलिस ने जब पिकअप की जांच की तो उसमें 60 बोरी में 30 क्विंटल धान मिली। वाहन नंबर के आधार पर जांच में सामने आया कि, पिकअप ग्राम करडेगा निवासी रंजीत साहू की है, जबकि धान थाना तपकरा क्षेत्र के ग्राम सिंगीबहार निवासी शिवम यादव उम्र 25 वर्ष का बताया गया। पुलिस ने धान से संबंधित वैध दस्तावेज व मंडी टोकन मांगे गए, लेकिन कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किए जा सके। इसके बाद पिकअप वाहन सहित धान को जब्त कर आगे की कार्रवाई के लिए जिला प्रशासन को सौंप दिया गया।




### अब तक 35 वाहनों से 2120 क्विंटल धान जब्त

पुलिस के मुताबिक जिले में अवैध धान परिवहन के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अब तक 35 वाहनों से कुल 2 हजार 120 क्विंटल धान जब्त कर जिला प्रशासन को सौंपा जा चुका है। सरहदी राज्यों से होने वाले अवैध परिवहन पर पुलिस की कड़ी निगरानी जारी है।

### जशपुर पुलिस अवैध धान परिवहन पर पूरी तरह सतर्क

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि, जिले में अवैध धान परिवहन पर पुलिस पूरी तरह सतर्क है, और आगे भी इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

महावीर दिगंबर जैन हाई स्कूल में "जॉय ऑफ द मंथ" कार्यक्रम

## जैन हाई स्कूल में जॉय ऑफ द मंथ के तहत स्टेज प्ले

**जशपुरनगर।** शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत जशपुर नगर स्थित महावीर दिगंबर जैन हाई स्कूल में "जॉय ऑफ द मंथ" कार्यक्रम के तहत एक प्रेरणास्पद एवं भावनात्मक स्टेज प्ले का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, अनुशासन, आत्मविश्वास एवं उत्कृष्टता की भावना को विकसित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विविध सामाजिक एवं जीवनोपयोगी विषयों पर आधारित नाट्य प्रस्तुतियां दीं। आशा की किरण, नई सुबह, सही चुनाव, खामोशी भी बोलती है, आत्म-बोध, सच की जीत, दिल का दर्पण तथा पढ़ने की चाह जैसे सारगर्भित शीर्षकों के माध्यम से विद्यार्थियों ने आत्मबोध, साहस, ईमानदारी, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा, जिज्ञासा और सम्मान जैसे मूल्यों को सजीव अभिनय के साथ मंच पर प्रस्तुत किया। बच्चों की भाव-भंगिमा, संवाद अदायगी और आत्मविश्वास ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस स्टेज प्ले से पूर्व विद्यार्थियों को पांच प्रेरणादायी फिल्में दिखाई गई थीं, जिनसे पांच प्रमुख जीवन मूल्यों का चयन किया गया। उन्हीं संदेशों को नाट्य रूप देकर विद्यार्थियों ने अभिनय से सभी को आनंदित एवं प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अरविंद भगत ने किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, प्राचार्य एवं समस्त शिक्षक उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार के अध्यक्ष जय कुमार जैन ने कहा कि, वे प्रत्येक बार यह कार्यक्रम देखने आते हैं, और हर बार कोई न कोई नई सीख लेकर लौटते हैं। कार्यक्रम की निर्णायक रहीं मनीषा भगत ने विद्यार्थियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि, उन्होंने पहली बार ऐसा विद्यालय देखा, जहां छोटे-छोटे बच्चों ने अत्यंत सधे हुए और भावपूर्ण ढंग से संवाद प्रस्तुत किए। उन्होंने शिक्षकों के प्रयासों की भी सराहना की, जो पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों के व्यक्तित्व विकास पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। विद्यालय की सचिव स्वाति जैन ने बताया कि पांच फिल्मों से 5 प्रमुख संदेश निकाले गए थे, जिनमें से चयनित संदेशों को बच्चों ने मंच पर अभिनय के रूप में प्रस्तुत किया, जो अत्यंत सराहनीय रहा। 'जॉय ऑफ द मंथ' के पांचवें चरण में सीनियर ग्रुप में "मोटिवेटर ग्रुप" विजेता रहा, जबकि जूनियर ग्रुप में "इनोवेटर ग्रुप" ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही इनोवेटर एवं प्रोग्रेशन ग्रुप के विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की गई।



### एकीकृत पोर्टल में पंजीयन व संशोधन को लेकर किसानों को बड़ी राहत

**जशपुरनगर।** प्रदेश के किसानों के हित में छत्तीसगढ़ शासन कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन एवं संशोधन को लेकर महत्वपूर्ण व्यवस्था लागू की गई है। शासन द्वारा जारी निर्देशानुसार राजस्व विभाग के अधिकारियों एवं पटवारियों द्वारा किए गए भौतिक सत्यापन के उपरांत अब समितियों के समिति लॉगिन में विभिन्न आवश्यक कार्यों का प्रावधान किया गया है, जिससे किसानों को पंजीयन एवं विवरण सुधार में बड़ी सुविधा मिलेगी। शासन द्वारा 7 जनवरी 2026 तक विवरण संशोधन का प्रावधान समस्त समितियों में समिति लॉगिन में उपलब्ध करा दिया गया है। इसके अतिरिक्त खसरा एवं रकबा सुधार, कैरी फारवर्ड, फसल विवरण की प्रविष्टि, नवीन पंजीयन तथा अन्य सभी आवश्यक संशोधन कार्यों के लिए समय-सीमा निर्धारित की गई है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार किसान पोर्टल में कैरी फारवर्ड तथा वन अधिकार पट्टाधारी कृषकों का नवीन पंजीयन 15 जनवरी 2026 तक किया जा सकेगा।

## प्रधानमंत्री आवास योजना से साकार हुआ पक्के घर का सपना




**जशपुरनगर।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के माध्यम से जिले के ग्रामीण परिवारों का पक्के घर का सपना साकार हो रहा है। केंद्र सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद परिवारों को सुरक्षित एवं पक्का आवास उपलब्ध कराया जा रहा है।

प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंच रहा है। इसी कड़ी में जशपुर जिले के ग्राम बंगुरकेला निवासी श्री ज्ञानु भगत को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ प्राप्त हुआ है। ज्ञानु भगत ने बताया कि, पहले वे अपने परिवार के साथ मिट्टी के छोटे से कच्चे मकान में निवास करते थे। बरसात के मौसम में घर की छत से पानी टपकता था तथा गर्मी के दिनों में दीवारें अत्यधिक तप जाती थीं। साथ ही जहरीले जीव-जंतुओं का भय बना रहता था। घर की बार-बार मरम्मत कराने से उन्हें आर्थिक तंगी का भी सामना करना पड़ता था। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उन्हें पक्के आवास की स्वीकृति मिली। शासन से प्राप्त राशि में अपनी बचत जोड़कर वे अपने सपनों का घर बना रहे हैं। वर्तमान में मकान का आंतरिक कार्य प्रगति पर है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि, यह उनके परिवार के जीवन में एक बड़ा बदलाव लेकर आया है। उन्होंने इस योजना के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### कंदरई एकांत स्टेडियम में अभा फुटबाल प्रतियोगिता 28 से शुरू

**बिश्रामपुर।** ग्राम कंदरई के एकांत स्टेडियम में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी स्व.इंदिरा गांधी स्मृति अखिल भारतीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 28 जनवरी से किया जाएगा,गौरतलब है कि 46 वर्षों से नवयुवक मंडल व शिक्षा समिति के नेतृत्व में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता में डीएफए अकोला,रतलाम मध्यप्रदेश,न्यू स्पॉटिंग क्लब बक्सर बिहार, डीएफए कोरबा छग, सरगुजा एकेडमी रायपुर रेलवे,गोंदिया महाराष्ट्र,दुर्गा स्पॉटिंग क्लब कलकत्ता पश्चिम बंगाल के अलावा अन्य टीमें हिस्सा लेंगी। स्पर्धा के विजेता टीम को 51 हजार रुपए व उपविजेता टीम को 31 हजार रुपए नगदी पुरस्कार व ट्रॉफी प्रदान की जाएगी,आयोजन को सफल बनाने में ज्वाइंट सेक्रेटी सूरजपुर फुटबॉल संघ,सेक्रेटी आरबी लांबा के अलावा माखन लाल जायसवाल,रूपदास महंत,चुनेश्वर प्रसाद,महेंद्र सिरदार, राजेंद्र सिरदार,संदीप सिंह, संजय प्रसाद,संतोष सिंह, हुकुम साय, निशांत सिंह,कामेश थापा,ननकू थापा,मनीष सिंह व अन्य सक्रिय हैं।

### कपिल बने भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष



**सूरजपुर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन ने गुरुवार देर शाम किसान मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी एवं जिला अध्यक्षों की सूची जारी कर दी है। इसी क्रम में जिले के रामानुजनगर निवासी कपिल पांडेय को भाजपा किसान मोर्चा का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। प्रदेश संगठन द्वारा नियुक्तियों की घोषणा होते ही जिले में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में हर्ष का माहौल है। कार्यकर्ताओं ने संगठन द्वारा जमीनी एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं पर भरोसा जताए जाने को लेकर खुशी व्यक्त की है। कपिल पांडेय ने कहा कि प्रदेश संगठन ने हम जैसे साधारण कार्यकर्ताओं पर विश्वास जताया है। हमें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करेंगे।

### अमन बने किसान मोर्चा के मन की बात कार्यक्रम के प्रदेश सह प्रभारी



**भैयाथान।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन ने गुरुवार देर शाम किसान मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी एवं जिला अध्यक्षों की घोषणा की। इस सूची में भैयाथान निवासी अमन प्रताप सिंह को मन की बात कार्यक्रम का प्रदेश सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। प्रदेश संगठन द्वारा अमन प्रताप सिंह को मिली महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के बाद क्षेत्र में उनके समर्थकों और भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। कार्यकर्ताओं ने इसे संगठन द्वारा एक जमीनी और सक्रिय कार्यकर्ता पर जताया गया भरोसा बताया है। अपनी नियुक्ति पर अमन प्रताप सिंह ने कहा कि प्रदेश संगठन ने मुझ पर विश्वास जताया है, उसका निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करूंगा।

### अचीवर्स इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने किया शैक्षिक भ्रमण



**प्रतापपुर।** अचीवर्स इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल द्वारा विद्यार्थियों में पर्यावरण जागरूकता, सांस्कृतिक समझ, नेतृत्व क्षमता एवं व्यवहारिक गुणों के विकास को ध्यान में रखते हुए शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया। इस अवसर पर कक्षा पहली से बारहवीं तक के छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शैक्षिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को घुनघुट्टा डैम, दरिमा हवाई अड्डा, मैनपाट, टाइगर पॉइंट वॉटरफॉल, उल्टा पानी, बौद्ध मंदिर तथा संजय पार्क, महामाया मंदिर एवं रेलवे स्टेशन का भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने स्थलों की प्राकृतिक सुंदरता, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं वैज्ञानिक महत्व को नजदीक से जाना। बच्चों ने विभिन्न पर्यटन स्थलों की प्रसिद्धि के कारणों को समझा और उनके विशिष्ट गुणों की जानकारी ली। पूरे भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों में उत्साह, अनुशासन एवं सीखने की जिज्ञासा स्पष्ट रूप से देखने को मिली।

### गुरु घासीदास वार्ड में निर्माण कार्यों का किया गया भूमिपूजन



**अंबिकापुर।** निगम क्षेत्र के गुरु घासीदास वार्ड में शुक्रवार को लाखों की लागत से बनने वाले नाली का भूमिपूजन अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य आदित्येश्वर शरण सिंहदेव एवं ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने किया। गुरु घासीदास वार्ड के सहेली गली नाली के अभाव और गंदे पानी के जमाव से स्थानीय नागरिक परेशान थे। वार्ड के नवनिर्वाचित युवा पार्षद शुभम जायसवाल के प्रयासों से यहां लगभग साढ़े चार लाख रुपए की लागत से नाली निर्माण का कार्य स्वीकृति हुआ है जिससे स्थानीय लोगों में हर्ष व्याप्त है। भूमिपूजन के इस कार्यक्रम में पूर्व पार्षद श्रीमती गीता श्रीवास्तव, श्रीमती उमा राजवाड़े, श्रीकांत सिन्हा, बबलु सिन्हा, अमित सिन्हा, कृष्ण मुरारी शर्मा, रितेश यादव, मुकेश गुप्ता, अतुल ताम्रकार, विनय, सूरज राजवाड़े, प्रिंसी इमाल्या, अंकुश साहू, आर्यमन ताम्रकार सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद थे।

## पुल क्षतिग्रस्त होने के बाद जुगाड़ के कच्चे रपटे से हो रहा आवागमन

# वर्क कोड जनरेट नहीं होने से 3 महीने से अटका गोबरी नदी पर रपटा का निर्माण



क्षतिग्रस्त पुल।



जुगाड़ का कच्चा रपटा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

विकासखण्ड भैयाथान अंतर्गत गोबरी नदी का पुल ढहे 6 महीने हो गए हैं लेकिन अब तक पुल निर्माण की पहल नहीं हो सकी है।

**खास बात**
- पक्का रपटा नहीं बना तो बरसात में होगी भारी परेशानी

सेतु निगम द्वारा आवागमन के लिए कच्चे रपटा का निर्माण कराया गया है जो बरसात शुरू होते ही अनुपयोगी हो जाएगा। जल्द पुल निर्माण नहीं हुआ तो कभी भी आवागमन ठप हो सकता है।

विकासखण्ड भैयाथान अंतर्गत भैयाथान-शिवप्रसाद नगर-कोरिया मार्ग अंतर्गत भैयाथान – शिवप्रसाद नगर-कोरिया मार्ग में दो दशक पूर्व ग्राम डबरीपारा एवं डुमरिया के मध्य विशाल पुल का निर्माण किया गया था। जून महीने में तेज बारिश के दौरान अचानक पुल क्षतिग्रस्त हो गया तथा तेज बहाव में पुल का बड़ा हिस्सा ढह गया। पुल के क्षतिग्रस्त होने से मार्ग से आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया। क्षेत्र के बड़ी आबादी का आवागमन प्रभावित होने के कारण क्षेत्रवासियों के दबाव में सेतु निगम ने वैकल्पिक व्यवस्था के तहत कच्चा रपटा निर्माण की पहल की लेकिन इसी दौरान बारिश होने के कारण रपटा बह गया। कड़ी मशक्कत के बाद विभाग ने जैसे-तैसे कच्चे रपटे का निर्माण कराया तो लोगों का आवागमन फिर से बहाल हो गया है क्षेत्रवासी बारिश होते ही नदी में तेज बहाव में कच्चे रपटे के बहने पर फिर से आवागमन प्रभावित होने की संभावना व्यक्त कर रहे है। ग्रामीणों का कहना है बारिश होते ही गोबरी नदी का पानी 8-9 फीट ऊंचाई तक पहुंच जाता है ऐसे में कच्चे रपटे से बरसात पूर्व तक ही आवागमन संभव है। शासन द्वारा सेतु निगम को पक्का रपटा बनाने की स्वीकृति मिली है लेकिन विभाग द्वारा अभी तक टेंडर की प्रक्रिया तक शुरू नहीं की जा सकी है। समय पर पक्के रपटे का निर्माण नहीं हुआ तो ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

### दर्जनों गांव के लोग करते हैं आवागमन

ग्रामीणों के अनुसार यह मार्ग सूरजपुर एवं कोरिया जिले को जोड़ता है तथा छोटा होने के कारण दर्जनों गांवों के लोग इसी मार्ग से आवागमन करते हैं। इस मार्ग से केवरा, कुसमुसी, बंजा, शिवप्रसाद नगर, गौराही, गंगौटी, झरिया, टेंगनी, विलासो, पंडोपारा सहित आसपास के गांवों के लोग आवागमन करते हैं। पक्का रपटा नहीं बनने पर क्षेत्र के लोगों को दूसरे मार्ग से आवागमन करना पड़ेगा जिसमें अधिक समय लगेगा।

### तकनीकी खामी से अटका टेंडर

इधर सेतु निगम के अधिकारियों का कहना है कि पुल क्षतिग्रस्त होने के बाद ही विभाग ने पुल निर्माण के लिए 5.3 करोड़ व पक्का रपटा निर्माण के लिए 14 लाख का प्रस्ताव शासन को भेजा था। एक ही स्थान पर पुल व रपटा निर्माण का प्रस्ताव इसलिए भेजा गया था कि पुल निर्माण में विलम्ब होने पर आवागमन पर प्रभाव न पड़े। शासन ने रपटा निर्माण के लिए 3 महीने पूर्व ही 14 लाख की स्वीकृति दे दी है लेकिन विभाग के सॉफ्टवेयर में वर्ककोड जेनरेट नहीं होने के कारण अभी तक टेंडर की प्रक्रिया प्रारंभ नहीं हो सकी है। इस संबंध में उच्चाधिकारियों को भी अवगत कराया गया है लेकिन समस्या का निराकरण नहीं हो सका है। वर्क कोड जेनरेट हुए बिना टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ करना संभव नहीं है इसलिए अधिकारी भी मजबूर हो गए है।

### चल रही पहल

सॉफ्टवेयर में वर्क कोड जेनरेट करने की पहल की जा रही है। वर्क कोड जेनरेट होते ही टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर शीघ्र रपटा का निर्माण प्रारंभ कराया जाएगा।

**-एनके डडसेना**
ईई, सेतु निगम

## कीटनाशक पीने की अलग-अलग घटनाओं में चार लोगों की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

कीटनाशक पीने की अलग-अलग घटनाओं में गंभीर हुए चार लोगों की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। मृतकों में तीन महिला शामिल है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जशपुर थाना अंतर्गत ग्राम सालेकेरा निवासी रखनी बाई पति चिनू राम (61 वर्ष) 6 जनवरी को परिजन खेत में काम करने गए थे। दोपहर को बहू रेखा घर आई तो घर में कीटनाशक का गंध आने तथा सास को गंभीर हालत में देख घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन वृद्धा को जशपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने वृद्धा की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान वृद्धा की मौत हो गई। दूसरी घटना में ग्राम हंसूली निवासी कलावती कंवर पति शोभन (45 वर्ष) शराब पीने की आदि थी और नशे की हालत में अक्सर पति के साथ मारपीट करती थी। 8 जनवरी को शराब के नशे में पति के साथ मारपीट करने लगी तो पति पड़ोसी के घर चला गया। इसी बीच महिला ने घर में रखे कीटनाशक को पी ली। घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। तीसरी घटना में प्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम सरहरी निवासी सरिता दास पति निर्मल दास (26 वर्ष) एक साल पूर्व पति द्वारा छोड़ देने पर बच्चों के साथ मायके लखनपुर क्षेत्र के ग्राम कोसगा में रह रही थी। गत दिन सुबह अज्ञात कारण से कीटनाशक पी ली। परिजन उसे लखनपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं एक अन्य घटना में सूरजपुर थाना अंतर्गत ग्राम रामगढ़ निवासी लालमन आ. स्व. राम लखन (45 वर्ष) 5 जनवरी को अज्ञात कारण से घर में रखे कीटनाशक को पी लिया था। परिजन उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान गुरुवार की शाम ग्रामीण की मौत हो गई।

## गायत्री खदान में डिप्लेरिंग की तैयारी, 21.5 करोड़ से अधिक का होगा मुआवजा वितरण

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की महत्वाकांक्षी गायत्री भूमिगत खदान परियोजना में भविष्य में किए जाने वाले डिप्लेरिंग कार्य को लेकर प्रबंधन ने तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं,क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह के बतौर महाप्रबंधक पदस्थापना के बाद उनकी अगुवाई में भू राजस्व विभाग द्वारा भू स्वामियों के प्रकरणों के तेजी से निपटारे के शुरू किए गए प्रयासों क्रम में क्षेत्रीय प्रबंधन द्वारा गायत्री खदान के डिप्लरिंग से तीन गांव—गेतरा, जोबगा और पोड़ी की कुल 288.209 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण का प्रस्ताव तैयार किया गया है। भूमि अधिग्रहण के तहत 371 निजी खाताधारक, 3 शासकीय खाते तथा 31 वन भूमि,इस प्रकार कुल 405 भू-स्वामियों को मुआवजा दिए जाने की सूची बनाई गई है,कंपनी के भू-राजस्व विभाग द्वारा तैयार प्रस्ताव के अनुसार इन भू-स्वामियों की भूमि के बदले 61 करोड़ 64 लाख रुपये से अधिक की मुआवजा राशि का वितरण किया जाना है,बताया जा रहा है कि अब तक एक करोड़ रुपये से अधिक की मुआवजा राशि संबंधित भू-स्वामियों को वितरित की जा चुकी है,जैसे-जैसे भू-स्वामी आवश्यक दस्तावेज प्रबंधन को उपलब्ध करा रहे हैं,उनकी फाइलें तैयार कर मुआवजा स्वीकृति के लिए कंपनी मुख्यालय भेजी जा रही हैं,गौरतलब है कि वर्तमान में गायत्री भूमिगत खदान से पौने नौ लाख टन वार्षिक कोयले का उत्पादन किया जा रहा है,यहां बीते दो वर्षों से निजी ऑपरेटर गैनवेल कंपनी द्वारा आधुनिक सीएम मशीन तकनीक के माध्यम से कोयला उत्पादन किया जा रहा है।

## किसान कल्याण संघ के जिलाध्यक्ष पर किसानों के शोषण का आरोप, 120 बोरी धान जब्त



**शंकरगढ़।** किसान कल्याण संघ के जिलाध्यक्ष कृष्णा जायसवाल द्वारा किसानों के शोषण करने का गंभीर मामला सामने आया है। पूरा मामला शंकरगढ़ विकासखंड अंतर्गत जमडी धान समिति केंद्र से जुड़ा हुआ है, जहां कृष्णा जायसवाल द्वारा दूसरे किसान के नाम पर अपना धान समिति में खपाने का प्रयास किया जा रहा था। प्रशासन को सूचना मिलने पर एसडीएम अनमोल टोप्पो के नेतृत्व में गठित संयुक्त टीम ने मौके पर कार्रवाई करते हुए 120 बोरी धान जब्त किया। कार्रवाई में नायब तहसीलदार गजराज सिंह, फूड इंस्पेक्टर जयपाल सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। इस संबंध में एसडीएम अनमोल टोप्पो ने बताया कि कृष्णा जायसवाल द्वारा फूलसाय नामक व्यक्ति के नाम पर धान समिति में बेचने की कोशिश की जा रही थी एवं टोकन जारी करवाने के लिए अपनी पत्नी का मोबाइल नंबर रजिस्टर्ड करवाया था। समय रहते की गई प्रशासनिक कार्रवाई से एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। मामले की गहन जांच जारी है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि इस प्रकार के अवैध कृत्यों और किसानों के शोषण पर प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

## मजदूर की बाइक ले उड़े चोर, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम आमगांव निवासी संजय कुमार सिंह आ. जैन प्रसाद मजदूरी का काम करता है। बुधवार को साप्ताहिक बाजार अजिरमा खरीदारी करने बाइक क्रमांक सीजी 15 सीआर 1503 से गया था। मजदूर बाइक को बाजार स्थित पानी टंकी के समीप खड़ा कर खरीदारी करने चला गया कुछ समय बाद वापस लौटा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी।

## न्यायालय ने महिला एसआई पर लगाया 500 रुपए का जुर्माना

**अंबिकापुर।** अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रेक स्पेशल कोर्ट पॉक्सो एक्ट कमलेश जगदल्ला ने गंभीर प्रकरण में साक्ष्य पेश करने हेतु उपस्थित नहीं होने वाली उप निरीक्षक पर जुर्माना लगा दिया है। न्यायाधीश ने अनुपस्थिति पर नोटिस जारी करने और नोटिस एवं वारंट का जवाब देने के लिए स्वयं के बदले किसी आरक्षक को भेजने पर नाराजगी जाहिर की और इसे साक्षी उपनिरीक्षक रंभा साहू को न्यायालय के आदेश एवं निर्देशों के पालन में उदासीन रहने की आदी माना है। न्यायालय ने एसआई पर 500 रुपए का जुर्माना लगाते हुए जुर्माने की रकम उनके वेतन से काटने के निर्देश दिए है। न्यायालयीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट पॉक्सो एक्ट कमलेश जगदल्ला के कोर्ट में बीएनएस की धारा 126(2), 296, 74, 75(1), 351(3) व धारा-7-8 पोक्सो एक्ट के तहत प्रकरण की सुनवाई चल रही है। इस सुनवाई में अभियोजन पक्ष की ओर से साक्ष्य के लिए विवेचक उप निरीक्षक रंभा साहू को उपस्थित होना था लेकिन वे न्यायालय में उपस्थित नहीं हुई। ऐसे में कोर्ट की ओर से 10 हजार रुपए का जमानतीय वारंट जारी किया गया। वहीं बाद में न्यायालय ने धारा 389 के तहत विवेचना अधिकारी एसआई को कारण बताओं नोटिस जारी कर 8 जनवरी को स्वयं उपस्थित होकर नोटिस का जवाब देने के निर्देश दिए गए थे लेकिन विवेचना अधिकारी रंभा साहू ने स्वयं के बदले अपनी ओर से एक महिला आरक्षक को जवाब प्रस्तुत करने के लिए भेज दिया गया जिसमें एसआई ने प्रकाश पर्व के अवसर पर कानून व्यवस्था के तहत ड्यूटी लगने के कारण न्यायालय में उपस्थित नहीं होने का हवाला दिया लेकिन न्यायालय ने एसआई द्वारा समंस नोटिस जारी करने के बाद भी स्वयं उपस्थित नहीं होने को न्यायालय के आदेश के पालन में उदासीनता, अनुशासनहीनता तथा अपने कर्तव्य पालन में घोर लापरवाही माना है। ऐसे में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रेक स्पेशल कोर्ट पॉक्सो एक्ट कमलेश जगदल्ला ने एसआई रंभा साहू को बीएनएस की धारा 389 तहत 500 रुपए के जुर्माना से दण्डित किया है और जुर्माने की रकम को उनके वेतन से एकमुश्त काटकर न्यायालय को आदेश के 20 दिनों के भीतर सूचित करने के निर्देश दिए है।

# जिले में शीतलहर का कहर, तापमान एक से दो डिग्री तक गिरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

जिले में इन दिनों शीतलहर का प्रकोप लगातार जारी है। कड़ाके की ठंड ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है।

- कुसमी एक तो बलरामपुर में दो डिग्री तक गिरा पार

बीती रात जिले के विभिन्न हिस्सों में तापमान बेहद नीचे चला गया, जिससे लोग ठिठुरने को मजबूर हो गए। कुसमी क्षेत्र में तापमान गिरकर एक डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जबकि बलरामपुर क्षेत्र में न्यूनतम तापमान दो डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बलरामपुर के ग्रामीण इलाकों में भी तापमान दो डिग्री तक पहुंचने की जानकारी सामने आई है।

अचानक पारा के गिरने से जिले में भीषण ठंड का असर साफ तौर पर देखने को मिला। ग्रामीण क्षेत्रों में घरों के बाहर रखे पुवाल पर बर्फ की पतली चादर जम गई। सुबह के समय लोग जब अपने घरों से बाहर निकले तो पुवाल पर जमी बर्फ देखकर हैरान रह गए। इसी तरह बलरामपुर क्षेत्र में घरों के बाहर खड़े वाहनों के ऊपर भी बर्फ की पतली परत जम गई, जिससे क्षेत्र में शीतलहर की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है। कड़ाके की ठंड के कारण सुबह के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। लोग आवश्यक कार्यों के लिए ही घरों से बाहर निकले और खुद को ठंड से बचाने के लिए गर्म कपड़ों, अलाव और हीटर का सहारा लेते नजर आए। खासकर बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों को इस ठंड से अधिक परेशानी हो रही है। ग्रामीण इलाकों में अलाव की व्यवस्था जगह-जगह देखी गई, जहां लोग ठंड से राहत पाने के लिए जुटे रहे। हालांकि सुबह होते ही निकली धूप ने लोगों को कुछ राहत जरूर दी। धूप निकलने के बाद लोगों ने ठंड से राहत महसूस की और धीरे-धीरे जनजीवन सामान्य होने लगा। बाजारों और चौराहों पर चहल-पहल बढ़ी, लेकिन ठंडी हवाओं का असर दिनभर बना रहा। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भी ठंड का असर बना रह सकता है। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से सावधानी बरतने, अत्यधिक ठंड में बाहर निकलने से बचने और गर्म कपड़ों का उपयोग करने की सलाह दी है। शीतलहर के इस दौर में सतर्कता ही बचाव का सबसे बेहतर उपाय माना जा रहा है।



### पूरे दिन चली पश्चिमोत्तर की सर्द हवाएं, फिर गिरेगा पारा

अम्बिकापुर। उत्तर भारत में सक्रिय पछुआ विक्षोभ के कमजोर पड़ने के बाद एक बार फिर पश्चिमोत्तर की हवाओं ने कंपकपी बढ़ा दी है। पश्चिमोत्तर की बर्फीली हवाओं के प्रवाह से मौसम विज्ञानी फिर से पारा में गिरावट होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। उत्तर भारत में सक्रिय पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से पिछले तीन दिनों से न्यूनतम पारा में आंशिक वृद्धि वहीं अधिकतम पारा में गिरावट हो रही थी। तीन दिनों से न्यूनतम पारा में हो रही वृद्धि के बाद मौसम कार्यालय द्वारा शुक्रवार को तापमान 4.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। मौसम में आए बदलाव के कारण अधिकतम तापमान में क्रमशः गिरावट दर्ज की जा रही है। पूर्व में अच्छी धूप निकलने के कारण दिन में ठंड की चुभन से राहत मिल गई थी लेकिन आसमान के ऊपरी सतह पर बादलों की आवाजाही के बीच पूरे दिन पश्चिमोत्तर की सर्द हवाएं चलने के कारण फिर से दिन में ठंड की चुभन शुरू हो गई है। पश्चिमोत्तर की सर्द हवाओं का प्रभाव बलरामपुर जिले की सीमावर्ती क्षेत्रों में अधिक देखा गया। तापमान में तेज गिरावट होने के कारण सामरीपाट का पारा 1 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है। सुबह शीतलहर के प्रभाव से सामरी पाट में पाला की मोटी परत जम गई वाड्रफनगर, रामानुजगंज एवं बलरामपुर में भी पाला का व्यापक प्रभाव देखा गया। मौसम विज्ञानी अक्षय मोहन भट्ट ने बताया कि विक्षोभ के कमजोर पड़ने के बाद अब पीछे की ठंडी हवा आगे निकल रही है जिसके प्रभाव से तापमान में फिर से गिरावट होने एवं कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना है। तीन दिनों से हो रही आंशिक वृद्धि के बाद न्यूनतम तापमान 3.3 डिग्री से 4.4 डिग्री पर पहुंचा है जो सामान्य से काफी कम है। मौसम विज्ञानी आगामी दो-तीन दिनों तक ठंड के यथावत रहने की संभावना व्यक्त कर रहे है।

## जिपं अध्यक्ष एवं जनपद उपाध्यक्ष ने नया ट्रांसफार्मर का फीता काट किया उद्घाटन

**कुसमी।** विकासखंड कुसमी अंतर्गत करकली शक्ति केंद्र बूथ की बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष हिरामुनी निकुंज, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अशोक सोनी की उपस्थिति में हुई। बैठक में भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता सहित ग्रामीण शामिल हुए। बैठक में ग्रामीणों ने उपस्थित सभी अतिथियों से आजादी के 79 वर्ष बाद ठेंगुर पानी बस्ती में ट्रांसफार्मर लगाए जाने पर खुशी का इजहार किया। जिला पंचायत अध्यक्ष हिरामुनी निकुंज, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अशोक सोनी ने नया लगाए गए ट्रांसफार्मर की फीता काटकर ग्राम में बिजली चालू की गई। कार्यक्रम में हिरामुनी निकुंज, अशोक सोनी, माधुरी लकड़ा, राकेश भारती, मुरारी सोनी, दिलीप गुप्ता ने ग्रामीणों को करकली शक्ति केंद्र अंतर्गत ठेंगुर पानी में एसआईआर के तहत बैठक लेकर सभी बातों को नियमानुसार विस्तृत रूप से बताया। मुख्य अतिथि हिरामुनी निकुंज ने कहा कि आज प्रधान मंत्री जन मन योजना के तहत सभी जगह सड़क, बिजली, पानी स्कूल भवन बनाया जा रहा है ।

## प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने किया केंद्रीय जेल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण केएल. चरयाणी ने आज केंद्रीय जेल का निरीक्षण किया।

- भोजन गुणवत्ता एवं साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने दिए निर्देश

निरीक्षण के दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा जेल की व्यवस्था का अवलोकन करते हुए भोजन की गुणवत्ता एवं साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखे जाने पर जोर दिया। उन्होंने बंदी द्वारा तैयार पेंटिंग, शिल्पकला, पंजियां, लिफाफे का अवलोकन किया गया तथा बंदी को प्रदान किए जाने वाली स्वास्थ्य सुविधा सहित अन्य सुविधाओं का भी जानकारी ली। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश केएल चरयाणी ने विशेष रूप से जेल प्रशासन को इस बाबत निर्देशित किया गया कि बंदी द्वारा विधिक सहायता हेतु इच्छुक होने पर त्वरित नियमानुसार किया जाए, किसी भी बंदी को विधिक सहायता से वंचित न रखा जाए तथा इच्छुक बंदी के संबंध में अपील, पुनरीक्षण सहित प्रकरण की परिस्थिति अनुसार जेल प्रशासन सभी बंदी को विधिक सहायता प्रदान करने की प्रक्रिया का नियमानुसार पालन करे। उन्होंने महिला बैरक का निरीक्षण कर महिला बंदी एवं उनके बच्चों से मुलाकात कर उनकी समस्या के संबंध में जानकारी लिया। बच्चों द्वारा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश को कविता सुनाया गया। जिस पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। निरीक्षण के दौरान पल्लव रघुवंशी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, लीनम बनसोडे, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जेल अधिकारी उपस्थित रहे।



बच्चों के साथ न्यायाधीश।

## बाल विवाह की सूचना पर त्वरित कार्रवाई नाबालिग छात्रा का रोका गया विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

कलेक्टर के निर्देश एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी शुभम बंसल के मार्गदर्शन में जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने हेतु जिला बाल संरक्षण इकाई, पुलिस एवं चाइल्ड लाइन की संयुक्त टीम द्वारा सतत निगरानी और कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल को सूचना मिला कि कक्षा 12वीं में अध्ययनरत एक नाबालिग छात्रा का विवाह उसके परिजनों द्वारा किए जाने की तैयारी चल रही है। सूचना मिलते ही संयुक्त टीम संबंधित गांव पहुंची। प्रारंभिक पूछताछ में परिजन द्वारा विवाह की जानकारी छिपाई गई, किंतु बालिका का पृथक कथन लेने पर यह सामने आया कि उसके विवाह को लेकर बातचीत हो चुकी है और लड़का भी तय कर लिया गया है। हालांकि तिथि निर्धारित नहीं हुई थी, लेकिन मुहूर्त आने पर विवाह कराने की योजना थी। जांच में यह भी पता चला कि बालिका कक्षा 12 वीं की छात्रा है और वह पिछले चार माह से स्कूल नहीं जा रही है। साथ ही उसने मुख्य परीक्षा का फार्म भी नहीं भरा है, जिससे वह इस वर्ष की परीक्षा से वंचित हो गई है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी द्वारा बालिका के माता-पिता एवं परिजन को समझाइश दी गई कि बालिका की शिक्षा प्राथमिकता है और 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने से पहले विवाह करना कानूनी अपराध है। परिजन ने स्वीकार किया कि बालिका के स्कूल जाना बंद करने के कारण ही विवाह का निर्णय लिया गया था, लेकिन अब वे 18 वर्ष पूर्ण होने के बाद ही विवाह कराने पर सहमत हुए।





# ‘इश्क दा चेहरा’ ने दर्शकों को कर दिया इमोशनल

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर सनी देओल की वॉर ड्रामा ‘बॉर्डर 2’ का नया गाना ‘इश्क दा चेहरा’ रिलीज हो गया है। ये एक सोलफुल रोमांटिक मेलोडी गाना है, जो दर्शकों के सामने एक मूवी का एक इमोशनल एंगल दर्शा रहा है। गाने में दिखाया गया है कि कैसे देश के साथ-साथ जवान अपनी पर्सनल लाइफ में भी अपने परिवार को कितना प्यार करते हैं। कैसे उनकी पत्नियां उनका इंतजार करती हैं और एक दिन आता है कि वो वापस उन्हें छोड़कर अपनी धरती मां की रक्षा के लिए बॉर्डर पर लौट जाते हैं। ‘बॉर्डर 2’ के दूसरे गाने ‘इश्क दा चेहरा’ ने दर्शकों को इमोशनल कर दिया है। इस गाने को दिलजीत दोसांझ, सचेत टंडन और परंपरा टंडन ने मिलकर गाया है। गाना का म्यूजिक सचेत-परंपरा ने दिया है जबकि लिरिक्स कौसर मुनीर ने लिखे हैं। फिल्म के कास्ट की बात करें तो इसमें सनी देओल के अलावा फिल्म में वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी, मोना सिंह, सोनम बाजवा, आन्या सिंह और मेधा राणा जैसे स्टार्स अहम रोल में हैं। यह फिल्म 23 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में धमाका करने आ रही है।

लाइफ Style

# शनाया


## खौफ से शुरू हुई एक अनोखी प्रेम कहानी

फिल्म ‘तू या मैं’एक्टर संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर की दूसरी फिल्म है। इस फिल्म का टीजर सामने आ चुका है। टीजर में यह फिल्म एक आम लव स्टोरी नहीं लग रही, पहली झलक में यह ऑडियंस को डराती है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

‘तू या मैं’के टीजर में शनाया कपूर का किरदार स्विमिंग पूल में नजर आता है, वह रिलैक्स कर रही होती है। अचानक उसे लगता है कि पूल के अंदर कोई है। यह सीन खौफ पैदा करता है। आगे टीजर में एक लव स्टोरी, रोमांस नजर आता है। लेकिन फिर कहानी बदलती है और लीड कैरेक्टर एक बड़ी मुश्किल में फंस जाते हैं। दोनों को अब बस अपनी जिंदगी बचानी है। फिल्म ‘तू या मैं’एक सर्वाइवल थ्रिलर है। फिल्म में दर्शको को प्यार, रोमांस के अलावा सस्पेंस भी देखने को मिलेगा। फिल्म की कहानी का जहां तक सवाल है तो इसमें दो इंफ्लुएंसर हैं, जो एक बड़ी मुश्किल में फंस जाते हैं, इस दौरान उनका सामना मौत से होता है। इस स्टोरी लाइन के साथ फिल्म ‘तू या मैं’ बन रही है। फिल्म में शनाया कपूर के अपोजिट आदर्श गौरव नजर आ रहे हैं। फिल्म ‘तू या मैं’ की रिलीज डेट तो मेकर्स ने शेयर की है।

यह फिल्म फरवरी महीने में वैंलटाइन वीक में रिलीज हो सकती है। इसकी रिलीज डेट 13 फरवरी है। शनाया कपूर ने फिल्म ‘आंखों की गुस्ताखियां’से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इसमें वह विक्रांत मैसी के साथ नजर आईं। जल्द ही उनकी फिल्म ‘तू या मैं’ रिलीज होगी। फिल्म ‘तू या मैं’ के अलावा शनाया कपूर एक और फिल्म में नजर आएंगी। इस फिल्म का नाम ‘जेसी’ है।



## हॉलीवुड मसाला



# 83वें गोल्डन ग्लोब में अवॉर्ड करेंगी प्रेजेंट

**लॉस एंजिल्स।** रविवार 11 जनवरी को लास एंजिल्स में होने वाले गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स में अब अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा प्रेजेंटेटर्स में शामिल हो गई हैं। आयोजकों की ओर से इस बात की जानकारी दी गई। जिसके बाद जाहिर है कि प्रियंका भी इस अवॉर्ड फंक्शन में अवॉर्ड प्रेजेंट करती नजर आएंगी। गोल्डन ग्लोब्स के आधिकारिक सोशल मीडिया पोस्ट के अनुसार, प्रियंका चोपड़ा हॉलीवुड अभिनेत्री जूलिया रॉबर्ट्स, अभिनेता जॉर्ज क्लूनी और मिला कुनिस के साथ स्टेज पर अवॉर्ड्स प्रेजेंट करेंगी। प्रियंका लंबे समय बाद इस प्रतिष्ठित मंच पर नजर आएंगी। प्रेजेंटर्स की इस स्टार-स्टडेड लिस्ट में कई और बड़े नाम भी शामिल हैं। 83वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स 11 जनवरी को लॉस एंजिल्स के बेवर्ली हिल्टन होटल में आयोजित होंगे। इसमें फिल्म, टेलीविजन और पहली बार पॉडकास्ट के क्षेत्र में इस साल शानदार काम करने वालों को सम्मानित किया जाएगा।




# बॉलीवुड फिल्म में काम करना चाहती हैं सोफी

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड कलाकारों की हॉलीवुड के एक्टर-एक्ट्रेस के प्रति दीवानगी किसी से छिपी नहीं है। लेकिन हॉलीवुड में भी अपने देश के कलाकारों की फैन फॉलोइंग कोई कम नहीं है। अब हाल ही में ‘गेम ऑफ थ्रोन्स’ में अपनी भूमिका के लिए जानी जाने वाली एक्ट्रेस सोफी टर्नर ने बॉलीवुड स्टार्स दीपिका पादुकोण और शाहरुख खान के प्रति अपनी दीवानगी जाहिर की है। इसके साथ ही सोफी टर्नर ने जल्द ही किसी बॉलीवुड फिल्म में काम करने की इच्छा भी जाहिर की। उन्होंने कहा कि मैं सचमुच किसी बॉलीवुड फिल्म में काम करना चाहूंगी। मुझे वहां का डांस बहुत पसंद है। मुझे लगता है कि यह एक अद्भुत नजारा होता है और वे बहुत खूबसूरत होते हैं। प्रोडक्शन डिजाइन इतना शानदार होता है कि मुझे नहीं लगता कि हमने कभी किसी हॉलीवुड फिल्म सेट पर ऐसा कुछ देखा होगा। सोफी टर्नर ने अभी तक किसी भी भारतीय सिनेमा में काम नहीं किया है। हालांकि, उन्होंने 2018 में अपने पूर्व बहनोई निक जोनस और प्रियंका चोपड़ा की शादी के जश्न के लिए भारत का दौरा किया था।



# नवलगढ़ में घूंघट की शूटिंग करने पहुंचीं


**मुंबई।** अभिनेत्री तापसी पन्नू इस वक्त राजस्थान के झुंझुनू जिले के नवलगढ़ में हैं। वे यहां अपनी फिल्म की शूटिंग के सिलसिले में पहुंची हैं। सेट से एक्ट्रेस की तस्वीरें सामने आई हैं, जिनमें वे खाकी वर्दी पहने दिख रही हैं। पुलिस ऑफिसर के गेटअप में तापसी काफी रौबदार अंदाज में नजर आ रही हैं। तापसी का यह लुक फिल्म ‘घूंघट’ का है। अभिनेत्री तापसी पन्नू अपनी फिल्म ‘घूंघट’ को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म में वे खाकी वर्दी पहने नजर आएंगी। तापसी इन दिनों नवलगढ़ में फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। सेट से सामने आई तस्वीरों में अभिनेत्री तापसी महिला थानेदार के गेटअप में नजर आ रही हैं। तापसी की यह फिल्म अनुपम सिन्हा और मकबूल खान के निर्देशन में बन रही है। सेट से लीक हुई तस्वीरों और वीडियो में तापसी पन्नू महिला थानेदार की वर्दी पहने हुए नजर आ रही हैं।



# ओ रोमियो का फर्स्ट लुक आया सामने

**मुंबई।** शाहिद कपूर की मच अवेटेड फिल्म ‘ओ रोमियो’ का फर्स्ट लुक शुक्रवार को सामने आ गया है। इस पहले लुक में शाहिद काफी खूंखार अंदाज में नजर आ रहे हैं। लाल रंग के बैकग्राउंड में शाहिद का चेहरा खून से लथपथ दिख रहा है। वहीं वो जोश में चीखते दिख रहे हैं। पोस्टर को देखकर ऐसा लगता है कि शाहिद और विशाल भारद्वाज एक बार फिर ‘कमीने’ जैसा कुछ अलग लाने वाले हैं। इसके साथ ही मेकर्स ने ये भी साफ कर दिया है कि फिल्म की पहली झलक या टीजर शनिवार को सामने आएगा। 13 फरवरी को फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होगी। विशाल भारद्वाज के निर्देशन में बन रही इस फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। फिल्म की घोषणा के बाद से ही फैंस फिल्म की झलक पाने के लिए बेकरार थे। अब शाहिद कपूर के इस पहले पोस्टर को ही देखकर फैंस उत्साहित हो गए हैं।

## टीवी मसाला



# 1985 में ‘विक्रम और बेताल’ शो ने रचा था इतिहास

**नई दिल्ली।** टीवी जगत के ऐसे कई शोज हैं, जिनको आज भी याद किया जाता है। इसमें रामायण, महाभारत और शक्तिमान समेत कई शो हैं, जो लोगों के दिलों में बस चुके हैं। 80 और 90 के दशक में टीवी शोज का दौर हुआ करता था। उस टाइम में आने वाले नए-नए शो लोगों के लिए किसी त्योहार से कम नहीं हुआ करते थे। पूरी फैमिली के साथ टीवी सीरियल देखने का मजा ही अलग था। उस वक्त ना यूट्यूब और ना ही ओटीटी बस टीवी शो ही एकमात्र मनोरंजन का जरिया हुआ करते थे। बात करेंगे उस पुराने टीवी शो की जो 41 साल बाद भी लोगों को याद है। दूरदर्शन पर आने वाला यह शो अपनी लोककथाओं और पौराणिक कहानियों पर बेस्ड था। इस शो में वो सभी कलाकार नजर आए थे, जो रामायण और महाभारत में भी देखे गये थे। अरुण गोविल, अरविंद त्रिवेदी, सुनील लहरी, विजय अरोड़ा, दीपिका चिखलिया, मूलराज राजदा, रमेश भटकर और लिलिपुट जैसे स्टार इस शो में नजर आए थे। इस शो का नाम सामने आते ही इसका एक-एक एपिसोड आपकी आंखों के सामने आ जाएगा। ‘विक्रम और बेताल’ जी हां, यह वही शो है, जिसमें टीवी के राम ने विक्रम का रोल प्ले किया था। इस शो की कहानी राजा विक्रमादित्य और बेताल के सवालों के इर्द-गिर्द घूमती है। इस शो की सबसे खास बात यह रही कि इसे बच्चों के साथ-साथ बड़ों ने भी खूब पसंद किया था। बच्चों के लिए यह थोड़ा डरावना भी था, क्योंकि बेताल का लुक किसी भूत से कम नहीं था।

## मास्टरशेफ इंडिया में पहुंचीं पार्किंसन से जंग लड़ रही लड़की

नई दिल्ली। टीवी के पॉपुलर शो ‘मास्टरशेफ इंडिया’ के 9वें सीजन का आगाज हो चुका है। अभी शो के ऑडिशन चल रहे हैं, जिसमें एक से बढ़कर एक हुनरबाज लोगों को देखा जा रहा है। अब शो में ऐसी जोड़ी की



एंट्री हुई है, जिनके हुनर को देखकर तीनों जज खुद को एप्रन देने से नहीं रोक पाए और सेट पर मौजूद हर शख्स की आंखें नम थीं। शो में जहां सिर्फ अच्छे खाने की तलाश की जा रही है, वहीं इसी के साथ लोगों की संघर्ष की कहानी फैंस और जजों को रोने पर मजबूर कर रही है। ‘मास्टरशेफ इंडिया’ का नया प्रोमो सामने आया है, जिसमें एक ऐसे कंटेस्टेंट को देखा गया है जो मानसिक और शारीरिक रूप से सक्षम नहीं है, लेकिन किचन में कुकिंग करते ही, वे अपनी सारी कमजोरियों पर काबू पा लेती हैं। हम बात कर रहे हैं मनीषा की, जो 14 साल की उम्र में कोमा में चली गई थीं और हैवी डोज की दवाएं लेने की वजह से सेकेंडरी पार्किंसन से ग्रस्त हो गईं। इस बीमारी में मांसपेशियां अकड़ हो जाती हैं और शरीर अपने आप कांपने लगता है।



# भाबी जी की सवारी निकल पड़ी थिएटर की ओर...

**मुंबई।** सीरियल ‘भाबी जी घर पर हैं’ के फैंस के लिए खुशखबर है। अब यह सीरियल, फिल्म के रूप में बड़े आ रहा है। फिल्म ‘भाबी जी घर पर हैं’का पहला पोस्टर और रिलीज डेट सामने आ चुकी है। सीरियल ‘भाबी जी घर पर हैं’में आसिफ शेख, शुभांगी अत्रे, रोहताश गौर जैसे एक्टर्स नजर आते थे। यह सभी फिल्म का भी हिस्सा हैं। वहीं, फिल्म में रवि किशन, मुकेश तिवारी जैसे उम्दा कलाकार भी नजर आएंगे। फिल्म के पोस्टर में सभी एक्टर्स नजर आ रहे हैं। फिल्म ‘भाबी जी घर पर हैं’की रिलीज डेट भी मेकर्स ने शेयर की है। यह फिल्म अगले महीने वैंलेटाइन डे से पहले रिलीज होगी। इस फिल्म की रिलीज डेट 6 फरवरी है। पोस्टर रिलीज के साथ मेकर्स ने कैप्शन लिखा है, ‘गली गली में होगा शोर, क्योंकि भाबी जी की सवारी निकल पड़ी है थिएटर की ओर।’

# शोभिता की चीकाटिलो का पोस्टर जारी

**मुंबई।** द नाइट मैनेजर जैसी वेब सीरीज में नजर आईं अभिनेत्री शोभिता धुलिपाला अब एक नई फिल्म लेकर आ रही हैं। यह एक सस्पेंस-क्राइम थ्रिलर फिल्म है। फिल्म का नाम चीकाटिलो है। फिल्म की घोषणा के साथ ही इसका पहला पोस्टर भी जारी हुआ है,




जिसमें शोभिता इंटेंस लुक में नजर आ रही हैं। चीकाटिलो प्राइम वीडियो की ओरिजिनल तेलुगु भाषा की फिल्म है। हालांकि, यह हिंदी में भी रिलीज होगी। हैदराबाद की पृष्ठभूमि पर बनी चीकाटीलो एक रोमांचक क्राइम-सस्पेंस फिल्म है। कहानी संध्या नाम की लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक ट्रू-क्राइम पॉडकास्टर है। इस किरदार को शोभिता धुलिपाला ने निभाया है। अपने इंटर्न की रहस्यमयी मौत के बाद न्याय पाने की अपनी लगातार कोशिश में संध्या को खौफनाक अपराधों की एक चौंकाने वाली कड़ी का पता चलता है। जिसके बाद उसके सामने शहर के कुछ सबसे खौफनाक और काले राज सामने आते हैं। फिल्म 23 जनवरी को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। शरण कोपिशेट्टी द्वारा निर्देशित चीकाटिलो को डी. सुरेश बाबू ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म की कहानी चंद्र पेम्माराजू और शरण कोपिशेट्टी ने लिखी है। फिल्म में शोभिता धुलिपाला और विश्वदेव राचकोंडा मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसके अलावा चैतन्य विशालक्ष्मी, ईशा चावला, झांसी, आमानी और वडलामणि श्रीनिवास भी अहम किरदारों में नजर आएंगे।

# ‘द राजा साब’ की रिलीज के बीच पशुपतिनाथ पहुंचे संजय



मुंबई। संजय दत्त इन दिनों अपनी फिल्मों ‘धुरंधर’ और ‘द राजा साब’ को लेकर सुर्खियों में हैं। ऐसे में वह पशुपतिनाथ मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे हैं। संजय दत्त और प्रभास की अदाकारी से सजी फिल्म ‘द राजा साब’ आज सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। ऐसे में संजय दत्त शुक्रवार को नेपाल की राजधानी काठमांडू में पशुपतिनाथ मंदिर पहुंचे और पूजा की। एक्टर गुरुवार शाम को एक कसीनो के उद्घाटन में शामिल होने के लिए काठमांडू पहुंचे। उनकी यात्रा से फैंस खुश हो गए। एक्टर के पशुपतिनाथ मंदिर पहुंचने के कई वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि एक्टर कड़ी सुरक्षा के बीच हैं। संजय दत्त की यह यात्रा ऐसे मौके पर हुई जब उनकी फिल्म ‘द राजा साब’ रिलीज हुई है। संजय दत्त और प्रभास स्टारर ‘द राजा साब’ 9 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इस फिल्म में एक्टर एक खतरनाक रोल में नजर आ रहे हैं। ‘द राजा साब’ के निर्देशक मारुति हैं। इसमें बोमन ईरानी, मालविका मोहनन, निधि अग्रवाल और रिद्धि कुमार भी अहम किरदारों में हैं। इससे पहले संजय दत्त आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म ‘धुरंधर’ में नजर आए थे। 5 दिसंबर 2025 को रिलीज हुई इस फिल्म में रणवीर सिंह, अक्षय खन्ना, आर माधवन, अर्जुन रामपाल और सारा अर्जुन थीं। यह फिल्म अब भी बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है।


## भारत की उम्मीदें नीरज घेवान की फिल्म होमबाउंड पर टिकी हैं

# कांतारा चैप्टर 1 और तन्वी द ग्रेट भी ऑस्कर की रेस में शामिल

इस बार ऑस्कर में भारत की उम्मीदें नीरज घेवान की फिल्म ‘होमबाउंड’पर टिकी हैं। होमबाउंड ऑस्कर में भारत की ओर से आधिकारिक तौर पर भेजी गई फिल्म है। फिल्म अभी भी रेस में बनी हुई है। लेकिन, अब भारत की दो और फिल्में भी ऑस्कर की दौड़ में शामिल हो गई हैं। जिसके बाद अब भारत को इन दो फिल्मों से भी उम्मीद बंध गई है। हालांकि, अभी इन फिल्मों को लेकर कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी।

एजेंसी ⏭ मुंबई

इस साल बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई करने वाली ऋषभ शेट्टी की फिल्म ‘कांतारा: चैप्टर 1’ और अनुपम खेर के निर्देशन में बनी ‘तन्वी द ग्रेट’ उन 201 फीचर फिल्मों की सूची में शामिल हो गई हैं, जो 98वें अकादमी पुरस्कारों के लिए विचाराधीन हैं। वैरायटी की रिपोर्ट के अनुसार, एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंस (एएमपीएएस) ने उन 201 योग्य फिल्मों की घोषणा की है, जो प्रतिष्ठित सर्वश्रेष्ठ फिल्म पुरस्कार के लिए सीधे तौर पर पात्र हैं। इस लिस्ट में ‘कांतारा चैप्टर 1’ और ‘तन्वी द ग्रेट’ भी शामिल हो गई हैं। ऐसे में अब इन दोनों फिल्मों से भी ऑस्कर में उम्मीदें जाग गई हैं।





### सभी शर्तों को दोनों फिल्मों ने किया पूरा

सर्वश्रेष्ठ फिल्म के लिए एलिजिबल फिल्मों ने सामान्य एंट्री के अलावा सभी अतिरिक्त एलिजिबलिटी आवश्यकताओं को भी पूरा किया। इसमें सिनेमाघरों में प्रदर्शन और एक कॉन्फिडेंशियल अकादमी प्रतिनिधित्व और समावेशन मानक प्रविष्टि फॉर्म जमा करना भी शामिल है। फिल्मों को अकादमी के चार इन्क्लूजन स्टैंडर्ड में से कम से कम दो को पूरा करना और 2025 में अपनी पहली रिलीज के 45 दिनों के भीतर शीर्ष 50 अमेरिकी बाजारों में से 10 में एक योग्य थिएटर प्रदर्शन पूरा करना भी आवश्यक था। सर्वश्रेष्ठ फिल्म श्रेणी में शामिल होने की सभी शर्तें पूरी करने के बाद ‘कांतारा चैप्टर 1’ और ‘तन्वी द ग्रेट’ दोनों ही ऑस्कर पुरस्कार के संभावित दावेदार बन गए हैं। अकादमी द्वारा अंतिम नामांकन सूची 22 जनवरी को जारी की जाएगी।

### 2025 की सबसे सफल फिल्मों में शामिल कांतारा चैप्टर 1

*होम्बले फिल्म्स द्वारा निर्मित ‘कांतारा: चैप्टर 1’ ऋषभ शेट्टी द्वारा लिखित, निर्देशित और अभिनीत फिल्म है। यह 2025 की सबसे सफल फिल्मों में से एक है। दर्शकों के साथ-साथ क्रिटिक्स ने भी फिल्म को जमकर सराहा था। वहीं दूसरी ओर ‘तन्वी द ग्रेट’ का निर्माण, निर्देशन और लेखन अनुपम खेर ने किया है। यह फिल्म ऑटिज्म पर आधारित है, जिसमें एक ऑटिस्टिक लड़की तन्वी की कहानी को दिखाया गया है। फिल्म में अनुपम खेर के अलावा शुभांगी दत्त, अरविंद स्वामी, बोमन ईरानी, जैकी श्रॉफ और पल्लवी जोशी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं।*

**खबर संक्षेप**

### बिसरा स्टेशन पर ठहरेगी लाइफलाइन एक्सप्रेस

**राउरकेला।** दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल अंतर्गत ओडिशा के बिसरा रेलवे स्टेशन पर 252वीं लाइफलाइन एक्सप्रेस मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल ट्रेन का आगमन हो चुका है। रेलवे प्रशासन ने इस अस्पताल ट्रेन को एक माह की अवधि तक बिसरा स्टेशन पर स्थिर रखने की स्वीकृति दी है। इस दौरान क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों के लिए 18 जनवरी से निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न रोगों की जांच और उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।
लाइफलाइन एक्सप्रेस के माध्यम से बिसरा सहित आसपास के ग्रामीण और दूरदराज इलाकों के लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सकीय सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी। इससे मरीजों को इलाज के लिए बड़े शहरों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी और समय व धन दोनों की बचत होगी। अस्पताल ट्रेन में आधुनिक चिकित्सा उपकरणों के साथ अनुभवी डॉक्टरों की टीम द्वारा जांच, परामर्श और आवश्यक उपचार किया जाएगा। हालांकि बिसरा रेलवे स्टेशन पर जिस स्थान पर लाइफलाइन एक्सप्रेस को लगाया गया है, वहां यातायात की सुविधा सीमित है और मरीजों व उनके परिजनों के लिए टेंट तथा अन्य अस्थायी व्यवस्थाओं के लिए पर्याप्त जगह भी नहीं है।

### परिजनों को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**रायगढ़।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं में हुए मृत्यु प्रकरण में उनके नजदीकी परिजनों एवं घायल व्यक्ति को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आर्थिक सहायता राषि स्वीकृत की गई है। खरसिया अनुविभाग अंतर्गत 27 फरवरी 2025 को सड़क दुर्घटना में मृत दुकालु सिदार के भाई धनेश्वर प्रसाद निवासी पलागढ़ा, तहसील खरसिया को 25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। इसी तरह 17 मार्च 2025 को दुर्घटना में मृत शिवप्रसाद यादव की पत्नी श्रीमती कमलिनी यादव, निवासी जतरी, तहसील पुसौर को 25 हजार रुपए 18 नवम्बर 2025 को मो. अनीस पठानपारा तेलीकोट तहसील खरसिया के संबंधित वारिसान को 25 हजार रुपए एवं दमउधारा जिला सक्ती निवासी घायल प्रियंका तुरी को 10 हजार रुपए की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। रायगढ़ अनुविभाग अंतर्गत 27 जून 2025 को सड़क दुर्घटना में मृत मोहर दास की पत्नी लक्ष्मीन महंत निवासी बरमुड़ा, जिला. रायगढ़ को 25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

## 292 .89 लाख का है सिंचाई परियोजना, सैकड़ों किसानों को मिलेगा फायदा

# चपले एनीकट में हाईड्रो टर्बाइन पंप प्लेटफार्म का 60 फीसदी काम पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खरसिया ब्लॉक के माण्ड नदी पर स्थित चपले एनीकट में संचालित हाईड्रो पंपिंग आधारित सिंचाई कार्य का कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा बताया गया कि शासन द्वारा इस महत्वाकांक्षी सिंचाई परियोजना के लिए 292.89 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसमें से 196.52 लाख रुपए की राशि का अनुबंध किया जा



चुका है। वर्तमान में हाईड्रो टरबाईन पंप आधारित प्लेटफार्म का लगभग 60 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। वहीं प्लेटफार्म से डिस्ट्रीब्यूशन चैम्बर तक पाइपलाइन बिछाने का कार्य 50 प्रतिशत तक पूर्ण कर लिया गया है। इस दौरान भारतीय विज्ञान संस्थान आईआईएससी बैंगलुरू के प्रोफेसर पुनित सिंह, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग होमेश नायक, संबंधित अनुविभागीय अधिकारी, तकनीकी अमला एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

**तीन महीने में होगा पूरा**

चपले एनीकट से हाईड्रो टरबाईन पंप आधारित प्लेटफार्म के मध्य पाइपलाइन बिछाने का कार्य प्रगतिरत है। कलेक्टर ने कार्य की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि समस्त निर्माण कार्य मार्च 2026 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि परियोजना के पूर्ण होने से चपले एनीकट से पानी डिस्ट्रीब्यूशन प्रणाली के माध्यम से तालाब तक पहुंचाया जाएगा तथा वहां से फील्ड चैनल के जरिए किसानों के खेतों तक सिंचाई जल की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी।

## एक बाढ़ भी नहीं झेल पाएगी नदी किनारे बन रही सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर



पुसौर तहसील क्षेत्र के महानदी तट के गांव सुरजगढ़ पडिगांव से तेलीपाली तक बन रहे मुख्यमंत्री सड़क योजना के तहत नदी किनारे किनारे रोड निर्माण किया जा रहा है। निर्माण हो रहे सड़क की गुणवत्ता इतनी घटिया है कि एक बाढ़ में ही सड़क धूल जाएगा।

ज्ञात हो कि यह रोड नदी के किनारे-किनारे सुरजगढ़ पड़िगांव से तेलीपाली तक बनाया जा रहा है। इसकी लंबाई 1.75 किमी है जिसमें कई जगह पानी निकासी के लिए पुल भी बनेगा। निर्माणाधीन सड़क की लागत 162.35 है। इसमें अभी तक सीसी रोड बनाया जा चुका है। वहीं रोड के दोनों किनारे सोल्डर के लिये चेनल का इस्तेमाल किया गया है जिसमें कठोर मिट्टी डालनी थी, लेकिन निर्माण एजेंसी बालू डाल कर ढलाई कर रहा था। क्षेत्र के बीडीसी एवं युवा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने विरोध किया। इसके बाद सुधारने का आश्वसन दिया है। 2 करोड़ की लागत से लगभग 2 किलोमीटर का सीसी रोड निर्माण किया जा रहा है, लेकिन इतनी कमजोर निर्माण हो रहा है कि यह एक बाढ़ में ही समाप्त हो जाएगा। रोड के मुआयना करने वाले अधिकारी रोड के उस हिस्से की खुदाई कर जांच करते हैं जहां स्टीमेंट के आधार पर मिट्टी गिट्टी आदि का मिश्रण सही रहता है।

## कृषि अधिकारियों ने दुकान को किया सील, 270 बोरी अवैध खाद जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

गुरुवार को धरमजयगढ़ कृषि विभाग की टीम ने अंकित कृषि केंद्र में जांच की गई। इस दौरान खाद भंडारण और वितरण में कई तरह की अनियमितता सामने आई। इसके बाद अंकित कृषि केंद्र को सील कर दिया गया है।

अधिकारियों को धरमजयगढ़ नीचे पारा स्थित अंकित कृषि केंद्र में गड़बड़ी की शिकायत मिली थी। गुरुवार को अनुविभागीय अधिकारी कृषि पीएस सिंह, उर्वरक निरीक्षक एसयू खान, आरके पटेल और ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी विवेक चंद्रा द्वारा अंकित कृषि केंद्र में दबिश दी गई। यहां खाद भंडारण और वितरण में कई तरह की जहां गड़बड़ी सामने आई। वहीं अन्य कई तरह की अनियमितता भी मिली। इसके कारण अंकित कृषि केंद्र को सील कर दिया गया है। वहीं अवैध रुप से भंडारित 270 बोरी एसएसपी खाद को भी जब्त कर लिया गया है।

## नशा मुक्त समाज का संदेश दे रहे एनएसएस के स्वयंसेवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरसिया

रासेयो इकाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोंड़तराई के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ ग्राम पंचायत लेबड़ा में किया गया। 6 से 12 जनवरी तक आयोजित इस सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ ग्राम पंचायत लेबड़ा की सरपंच श्रीमती राजकुमारी पटेल, शाउमावि कोंड़तराई के प्राचार्य एसआर भगत ने मां सरस्वती एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के पितृ पुरुष स्वामी विवेकानंद के प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्राचार्य श्री भगत ने शिविर के थीम नशा मुक्त समाज के लिए युवा पर स्वयं सेवकों को मार्गदर्शन देते हुए



कहा कि आज भारत के विकास में युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान है। विकसित भारत का संकल्प युवाओं के सहयोग से ही पूरा किया जाएगा। आज के युवाओं को नशा से अपने को दूर रखना बहुत जरूरी है। नशा एक ऐसा अभिशाप है, जिसमें पड़कर युवा पीढ़ी अपने और अपने परिवार को विकास में बाधक बन रही है। सरपंच ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर नवयुवाओं के चारित्रिक एवं मानसिक विकास करने का एक बड़ा मंच है। सात दिवसीय विशेष शिविर के मुख्य उद्देश्य एवं शिविर दिनचर्या के संबंध में कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार पटेल ने जानकारी प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान शासकीय प्राथमिक विद्यालय की प्रधान पाठक श्रीमती दीपमाला लकड़ा, सहायक शिक्षक रमेश पटेल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोंड़तराई के शिक्षक अनूप कुमार टोप्पो, जनेश्वर खरेए महेन्द्र सिंह राज, शैलेन्द्र कुमार धिरहे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उसरौट के व्याख्याता लोचन प्रसाद पटेल, लेबड़ा ग्राम के निवासी कन्हैया पटेल, संतोष साव, श्रीमती भगवती पटेल, श्रीमती सुशीला पटेल एवं अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

## रांची की टीम को हराकर सेमी फायनल में पहुंची एनटीपीसी प्रोग्रेसिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

पुसौर के इंद्रप्रस्थ स्टेडियम में खेले जा रहे आमंत्रण कप अखिल भारतीय डयूस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के पुल ठ के पहले क्वार्टर फाइनल के रोमांचक मुकाबले में अरुणोदय रांची को एनटीपीसी प्रोग्रेसिव ने हराकर सेमी फाइनल में प्रवेश कर लिया है।

अरुणोदय रांची ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया 12 वर्षीय अभिज्ञान सिंह ने 26 गेंद पर 19 रन प्रधुम कुमार 24 गेंद मे 15 रन किया। विद्यार्थी ने 19 गेंद पर 15 रन आदर्श यादव 44 गेंद 35 रन शाहिद अंसारी के 19 गेंद पर 19 रन की बदौलत 30 ओवर में 135 रन




बनाकर पुरी टीम ऑल आउट हो गई एनटीपीसी प्रोग्रेसिव की ओर से संतोष यादव ने 3 आर्यन तिवारी एवं अरुण प्रजापति ने 2.2 विकेट लिए। 136 रन का लक्ष्य का पीछा करने उतरी एनटीपीसी प्रोग्रेसिव के अरनव ने 49 गेंद में 65रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली संतोष ने 37 बाल में 34 रन बनाए प्रोग्रेसिव की टीम ने 8 ओवर और 2 गेंद शेष रहते 5 विकेट से मैच जीत कर विजय लक्ष्य को हासिल कर लिया रांची की ओर से हर्ष ने 4 ओवर में 37 रन देकर 3विकेट लिए शाहिद और आदर्श ने 1-1विकेट लिए आज के मैच के मैन ऑफ द मैच कप्तान संतोष यादव रहे। उन्होंने 3 महत्वपूर्ण विकेट लेकर 34 रन भी बनाएं अंपायरिंग की जिम्मेदारी पंचम चौहान एवम हिमांशु चावडा ने संभाली।

मैच में टॉस मोहन भारद्वाज द्वारा सिक्का उछाल कर किया गया। क्रिकेट का लाइव प्रसारण जय स्टूडियो द्वारा क्रिक हीरोज युटुब पर देखा जा सकता है। कल पुल ए का दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच राउरकेला और इंदौर के बीच खेला जाएगा पुल। से पिछले मुकाबले में कैप भुवनेश्वर को हराकर रायगढ़ डीसीएस की टीम पहले ही फाइनल में प्रवेश कर चुकी है।

## दुकान संचालन के लिए 12 तक आवेदन

**रायगढ़।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश के रावधानों के तहत नगर निगम रायगढ़ अंतर्गत वार्ड क्रमांक 8 तुर्रीपारा, 15 दरोगापारा एवं 43 गोरखा, सराईपाली एवं बरमुड़ा में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए 12 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित किए गए है। दुकान संचालक के इच्छुक स्थानीय नगरीय निकाय, महिला स्व.सहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख समितियां, अन्य सहकारी समितियां, वन सुरक्षा समिति निर्धारित प्रपत्र में अपना आवेदन नियत तिथि एवं कार्यालयीन समय पर कार्यालय कलेक्टर खाद्य शाखा रायगढ़ में जमा कर सकते है।

## श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में ज्ञान वैराग्य की अमृतधारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा

सरसींवा नगर इन दिनों केवल एक भौगोलिक इकाई नहीं, बल्कि आध्यात्मिक चेतना का तीर्थ बन चुका है। जहाँ 7 से 14 जनवरी तक आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ ने नगर और आसपास के अंचल को भक्ति वैराग्य और आत्मबोध की अनुपम अनुभूति से भर दिया है। इस पावन आयोजन के दूसरे दिवस पर कथा स्थल मानो श्रद्धा का महासागर बन गया, जहां हर मन कथा अमृत के रस में सराबोर दिखाई दिया।



इस दिव्य अनुष्ठान के आयोजक रमेश दुबे व परिवार के सत्प्रयासों से साकार हुए इस ज्ञान यज्ञ में बिलासपुर से पधारे सुविख्यात कथा वाचक पं. देवशरण दुबे ने अपने ओजस्वी, प्रवाहमयी एवं भावप्रधान वचनामृत से सुखदेव मुनि एवं कपिल देव के चरित्रों को सजीव कर दिया। कथा व्यास ने सुखदेव मुनि के जीवन प्रसंगों का वर्णन करते हुए कहा कि सुखदेव चरित्र त्याग, तप और ब्रह्मज्ञान का ऐसा शिखर है, जहां पहुंचकर संसार के आकर्षण स्वतः तुच्छ हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि राजा परीक्षित को प्रदत्त श्रीमद्भागवत कथा केवल मृत्यु की प्रतीक्षा नहीं, बल्कि मृत्यु पर विजय पाने की आध्यात्मिक साधना है। इसी क्रम में कपिल देव के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए पं दुबे ने कहा कि कपिल मुनि का सांख्य दर्शन मनुष्य को आत्मा और प्रकृति के भेद का बोध कराते हुए मोक्ष मार्ग की दिशा दिखाता है। माता देवहूति को दिए गए उपदेश आज भी मानव जीवन की जटिलताओं को सुलझाने का मार्गदर्शन करते हैं। उन्होंने कहा कि जब ज्ञान, भक्ति और वैराग्य एक साथ मिलते हैं, तभी जीवन सार्थक होता है। कथा के प्रत्येक प्रसंग पर श्रोताओं की तन्मयता देखने योग्य थी। कभी करुणा से भरी निस्तब्धता, तो कभी हरि-हरि के जयघोष से गूंजता पंडाल यह दृश्य अपने आप में अद्भुत था। दीप प्रज्वलन, शंखनाद और संकीर्तन के साथ वातावरण पूर्णतः दिव्यता से ओतप्रोत हो गया। कथा के आयोजक रमेश दुबे एवं परिवार सहित नगरवासियों ने कथा व्यास का पारंपरिक सम्मान कर कृतज्ञता व्यक्त की।

### श्रीमद् भागवत कथा श्रवण से मिली है पापों से मुक्ति

कटेली। लक्ष्मी साहू के घर में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथावाचक पंडित नीलकमल ओझा महाराज ने कहा कि भागवत कथा श्रवण मात्र से पाप से मुक्ति मिलती। उन्होंने कहा जिस स्थान पर कथा होती है, वहां भगवान विराजमान होते हैं। भगवन नाम के जाप से सारे विपत्ति नाश हो जाते हैं। इस जगत में भगवत कृपा के बिना कुछ भी संभव नहीं है। मनुष्य को समाज में अच्छे काम करना चाहिए।

## बड़े भंडार में भारी वाहन की टक्कर से एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

पुसौर थाना क्षेत्र के ग्राम छोटे भंडार में स्थापित कंपनी में भवानी कंस्ट्रक्शन का टीम कार्यरत है। जिसमें अखिलेष सिह पिता दिग्विजय सिंह 38 भी काम कर रहा था।

अखिलेश ग्राम उसरी थाना सजनवा गोरखपुर उत्तर प्रदेश का मूल निवासी है जो अपने साथी संजय यादव के साथ अपने बाइक क्रमांक के एच 24 एफ 1060 में सवार होकर ग्राम बडे भंडार का मार्केट गया था। लौटते वक्त बडे भंडार में ही 16 चक्का ट्रक क्रमांक




सीजी 18 आर 7776 के टकराने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। एएसआई श्री विश्वाल ने बताया कि दुर्घटना में मृतक का चेहरा काफी क्षतिग्रस्त हो चुका है जिससे पहचानना मुश्किल है। दस्तावेज एवं साक्ष्य के आधार पर शव का पीएम होने के बाद उसे उसके परिजनों को सौंप दिया गया है।

## प्रदूषण हॉटस्पॉट का आरएमसी आयुक्त ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला

वायु प्रदूषण को लेकर बढ़ती चिंताओं के मद्देनज़र राउरकेला नगर निगम आरएमसी की आयुक्त दीना दस्तगीर ने गुरुवार को शहर के राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच क्षेत्र के पास स्थित एक प्रमुख प्रदूषण हॉटस्पॉट का निरीक्षण किया। इस दौरे का उद्देश्य मौके की वास्तविक स्थिति की समीक्षा करना तथा स्थानीय क्षेत्र में बिगड़ती वायु गुणवत्ता के कारणों का आकलन करना था।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की और मौजूदा प्रदूषण स्तर की जानकारी ली। उन्होंने विशेष रूप से राजमार्ग के समीप उच्च यातायात और औद्योगिक प्रभाव वाले क्षेत्रों में वायु प्रदूषण के सार्वजनिक स्वास्थ्य और पर्यावरण पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों पर गंभीर चिंता व्यक्त की। आयुक्त ने संबंधित विभागों को प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए तत्काल और प्रभावी कदम उठाने की सलाह



दी। उन्होंने प्रदूषण नियंत्रण मानकों के कड़े अनुपालन, वायु गुणवत्ता की नियमित निगरानी, धूल नियंत्रण उपायों, वाहनों से होने वाले उत्सर्जन के नियमन तथा नगर निकाय, परिवहन और प्रदूषण नियंत्रण प्राधिकरणों के बीच समन्वित कार्रवाई पर विशेष जोर दिया। विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने आयुक्त को मौजूदा चुनौतियों और समस्या के समाधान हेतु किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। इस पर आयुक्त ने कार्रवाई योजनाओं को और तेज करने तथा सुधारात्मक उपायों के समयबद्ध क्रियान्वयन के निर्देश दिए ताकि प्रदूषण स्तर को कम किया जा सके।

### सरिया, डोंगरीपाली पुलिस ने जब्त किया 27 किलो गांजा

## एक ही दिन तीन गांजा तस्करों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

सरिया पुलिस ने आर्टिगा कार से गांजा परिवहन करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर 10 किलो 270 ग्राम अवैध गांजा सहित करीब 8.10 लाख की संपत्ति जब्त की है। 9 जनवरी को पेट्रोलिंग के दौरान सूचना मिली कि ओड़िशा से गांजा लेकर एक सफेद रंग की आर्टिगा कार क्रमांक सीजी 14 एमटी 0296 सरिया की ओर आ रही है। सरिया थाना के सामने मुख्य मार्ग पर घेराबंदी कर वाहन को रोका गया। तलाशी के दौरान कार की डिक्की से सफेद प्लास्टिक बोरी में रखे 10 पैकेटों में कुल 10 किलो 270 ग्राम गांजा बरामद किया गया।



गिरफ्तार आरोपी की पहचान मुकेश यादव पिता सोमेश्वर यादव 23 निवासी भट्ठीकोना, थाना बगीचा, जिला जशपुर के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपी ने गांजा को जिला सोनपुर उड़ीसा से लाकर जिला जशपुर में बिक्री के लिए ले जाना स्वीकार किया।



**डोंगरीपाली पुलिस ने पकड़ा दो आरोपी**

डोंगरीपाली पुलिस ने ग्राम बनवासपाली के पास घेराबंदी कर एचएफ डिलक्स मोटरसाइकिल सीजी 06 जेवाई 7270 को रोका गया। वाहन चालक चंडीलाल मोंगरे 47 वर्ष निवासी लाती पैकिन, थाना सिंघोड़ा जिला महासमुंद के कब्जे से 5 किलो गांजा, एक मोबाइल फोन और मोटरसाइकिल जब्त की गई। इसी दिन ग्राम बिरनीपाली मेन रोड पर घेराबंदी के दौरान टीवीएस एक्सेल सुपर मोटरसाइकिल सीजी 10 एनए 8747 से 6 किलो 580 ग्राम गांजा बरामद किया गया। आरोपी मंझला मालिया उर्फ मंजलाल 32 वर्ष निवासी मटियारी, थाना सीपत, जिला बिलासपुर को गिरफ्तार किया गया।







